हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 2 अक्टूबर 2024
[ कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

13 फरसियां के छात्र दिल्ली में बताएंगे सड़क दुर्घटना रोकने के उपाय



14 सड़क पर बिछाया डस्ट, नहरनाका चौक वासियों का जीना मुश्किल



## खबर संक्षेप

### स्वर्गधाम सेवा समिति आज करेगी 658 मृतकों का तर्पण

**धमतरी।** स्वर्गधाम सेवा समिति आज बुधवार को चित्रोत्पला गंगानदी रूद्रेश्वर धाम रूद्री के पावन तट पर सुबह 10 बजे 658 मृतकों का तर्पण, पिंडदान करेगी। दोपहर 12 बजे लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ रोशन उपाध्याय पितृ तर्पण पर व्याख्यान देंगे। संस्था के अध्यक्ष एवंत गोलछा, महासचिव अशोक पवार ने बताया कि अगस्त 2004 से उनकी संस्था सर्व पितृमोक्ष अमावस्या पर हिन्दू रीति-रिवाज से अंजान मृतकों का तर्पण एवं पिंडदान करती है। साथ ही शांति भोज का आयोजन भी किया जाता है। समिति अब तक 658 सड़े-गले, असंख्य कीड़े पड़े, क्षत-विक्षत सहित मारे गए नक्सलियों का भी अंतिम संस्कार कर चुकी है।

### मनरेगा मेट संघ की बैठक आज

**डांडेसरा(धमतरी)।** प्रशिक्षित मनरेगा मेट संघ कुरूद ब्लाक की बैठक 2 अक्टूबर बुधवार को सुबह 11 बजे मारादेव बगौद में रखी गई है। संघ के अध्यक्ष गैंदलाल निर्मलकर, मीडिया प्रभारी हितेश साहू ने बताया कि बैठक में महात्मा गांधी की जयंती मनाने पर चर्चा की जायेगी। उन्होंने कुरूद ब्लाक के सभी सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

### अटंग में नवरात्रि पर्व पर होंगे कई कार्यक्रम

**सिर्री।** ग्राम अटंग के इंदिरा चौक में नव दुर्गोत्सव समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से नवरात्रि पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे। 5 अक्टूबर को पंडवानी, 6 को कवि सम्मेलन, 8 को धमतरी की महिला मंडली की रामधुनी और 9 अक्टूबर को बच्चों का रिकार्डिंग डांस होगा।

### सांकरा में भागवत महापुराण आज से

**सांकरा।** स्कूलपारा सांकरा में स्व. वेदप्रकाश साहू की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा श्रीमद् भागवत



महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 2 से 10 अक्टूबर तक दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक किया गया है। कथावाचक पं. कालेश्वर प्रसाद तिवारी ग्राम जेंजरा (राजिम धाम) होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में गुलाराम साहू, प्रमिलाबाई साहू, संतोष साहू, नेमीचंद साहू, बिमलाबाई साहू, जितेंद्र साहू जुटे हैं।

### केकराखोली में क्रिकेट स्पर्धा 4 से

**नगरी।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम केकराखोली (दुगली) में 4 से 9 अक्टूबर तक ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक नेताम ने बताया कि प्रथम इनाम 15001 रुपये, द्वितीय 7501 रुपये, तृतीय इनाम 3501 रुपये रखा गया है। एंट्री फीस 600 रुपये है। आयोजन की तैयारी में उपाध्यक्ष सुनील कुंजाम, कोषाध्यक्ष जंगलु कुंजाम, सचिव रुपेश गोटा, दशरथ सलाम, सरोज नेताम, सुरेश मरकाम, राजेन्द्र नेताम जुटे हुए हैं।

### मछली और मुर्गी पालन का मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा) आरसेटी में मछली पालन और मुर्गी पालन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार युवाओं से अक्टूबर तक आवेदन मंगाए गए हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी सुश्री अनिता टुडू ने बताया कि आवासीय सुविधा युक्त 10-10 दिवसीय इन प्रशिक्षणों के लिए इच्छुक महिला एवं पुरूष आवेदन पत्र कम्पोजिट भवन के पीछे स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में नियत तिथि तक जमा कर सकते हैं।

भू-माफिया झोंक रहे शासन की आंखों में धूल, अधिकारियों की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

# सोने से भी महंगी हुई जमीन, रजिस्ट्री पांच साल पुरानी दर पर


हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जमीन की खरीदी-बिक्री में भू-माफिया शासन की आंखों में धूल झोंक रहे हैं। रूद्री रोड सहित कई अन्य प्राइम लोकेशन में जमीन की कीमत को भू-माफियाओं ने इतना महंगा कर दिया है कि आम आदमी इसे खरीदने की सोच भी नहीं सकता है। खासकर सड़क किनारे जमीन का छोटा टुकड़ा 50 लाख से 1 करोड़ रुपए में बिक रहा है। विडंबना यह है कि जमीन की रजिस्ट्री आज भी पांच साल पुरानी गाइड लाइन के हिसाब से हो रही है।

जिले में जमीन का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। सबसे सुरक्षित और कई गुना ज्यादा इनकम देने के कारण भू-माफिया जमीन में खूब इन्वेस्ट कर रहे हैं। जमीन से कमाई का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रूद्री रोड जहां पर 20 साल पहले जमीन को कोई पूछने वाला नहीं था, वहां जमीन का छोटा सा टुकड़ा भी सोने के भाव बिक रहा है। मेन रोड से लगी जमीन की कीमत आसमान छू रही है। यहां पर जमीन की कीमत 7700 से 8000 हजार रुपए तक स्क्वेयर फीट बिक रही है। यानी यदि किसी व्यक्ति को मेन रोड में घर या दुकान बनाना है तो एक करोड़ रुपए तो जमीन में फूंकना पड़ेगा। हालांकि कॉलोनी के भीतर जमीन की कीमत कम है। कॉलोनियों के अंदर घर बनाने के लिए व्यक्ति को जमीन 10 से 15 लाख रुपए में खरीदनी होगी। इस एरिया में महंगाई को देखते हुए लोगों ने यहां पर जमीन खरीदने में रुचि लेना बंद कर दिया है।

### इसलिए बढ़े दाम

इस रोड की लगभग सभी खाली जमीन भू-माफिया के कब्जे में है। किसानों से एकड़ के भाव में सस्ते में खरीदकर भू-माफियों ने रख लिया है। प्लाटिंग के बाद जमीन को टुकड़ों में बेचा जा रहा है। अधिकांश जमीन के टुकड़ों की कई बार खरीदी बिक्री हो चुकी है। एक के बाद एक यहां की जमीन भूमाफियाओं के बीच घूम रही है। हर खरीदार जमीन खरीदने के बाद उससे कमाई कर दूसरे को बेच देता है। इसी चक्कर में जमीन के दाम काफी बढ़ गए हैं। यही स्थिति रत्नाबांधा, रायपुर रोड, जगदलपुर रोड सहित अन्य इलाकों की है।



### नहीं होता निरीक्षण

जमीन की रजिस्ट्री में शासन को लाखों का राजस्व का नुकसान हो रहा है। जमीन के दाम पिछले पांच साल में पांच से दस गुना तक बढ़ गए हैं। उधर सरकारी गाइडलाइन में जमीन के दाम पर एक रूपए की बढ़ोतरी नहीं हुई है। वर्ष 2019 से लेकर गाइडलाइन में थोड़ा भी परिवर्तन नहीं किया गया है। आज भी पांच साल पुरानी गाइडलाइन चल रही है।

### ऐसे होती है जमीन की रजिस्ट्री

उपपंजीयक सुशील कुमार देहारी ने बताया कि जमीन का सौदा तय होने के बाद पक्षकारों द्वारा जमीन के दस्तावेज तैयार किए जाते हैं। इसमें बी वन, नक्शा, फोटो, आधार सहित अन्य दस्तावेज शामिल हैं। इसके बाद एनजीडीआरएस साइट पर वे अपनी डिटेल, संपत्ति का विवरण अपलोड कर अपाइंटमेंट मांगेंगे। अपाइंटमेंट मिलने के बाद अधिकारी जाकर संपत्ति का सत्यापन करते हैं। इसके बाद निर्धारित तिथि में पंजीयन कार्यालय में क्रेता-विक्रेता उपस्थित होकर रजिस्ट्री करवाते हैं।

### आफिस में बैठकर ही जमीन का सत्यापन

उल्लेखनीय है कि जिस जमीन की खरीदी-बिक्री हो रही है, रजिस्ट्री से पहले अधिकारियों को उस जमीन का सत्यापन भी करना होता है, लेकिन अधिकारी सत्यापन के लिए फील्ड पर जाते ही नहीं हैं। आफिस में बैठकर ही जमीन का सत्यापन करते हैं। नियम के अनुसार रजिस्ट्री के दौरान सरकारी गाइडलाइन या खरीदी बिक्री का मूल्य जो ज्यादा हो उसके हिसाब से स्टाम्प ड्यूटी वसूली जानी चाहिए। जमीन के मूल्य संबंधी सत्यापन ढंग से नहीं होने के कारण क्रेता-विक्रेता पांच साल पुरानी दर पर रजिस्ट्री शुल्क पटाते हैं। सबकुछ पता होने के बाद भी अधिकारी मौन है, जिस पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## धरसा नाली में मिली अधेड़ की लहूलुहान लाश





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बकरी चराने गए अधेड़ की नहर पार किनारे धरसा नाली में लहूलुहान लाश मिली है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

■ ग्राम आमदी की घटना

पुलिस व परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी के राजीव चौक निवासी आत्माराम पटेल पिता ढुनुराम उम्र 50 वर्ष बकरी पालने के साथ उन्हें चराने का काम करता था। सोमवार की सुबह आत्माराम अपनी बकरियों को चराने के लिए ले गया था। दोपहर को बकरियां बिना चरवाहे के वापस घर आ गई, लेकिन आत्माराम रातभर घर नहीं पहुंचा। दूसरे दिन मंगलवार की सुबह पिता को घर नहीं पहुंचा देख पुत्र रोशन पटेल आसपास के लोगों को लेकर आत्माराम की तलाश में निकल पड़ा। इसी दौरान किसी ग्रामीण ने आत्माराम के धरसा नाली में पड़े होने की जानकारी दी। युवक तत्काल वही पहुंचा जहां अपने पिता आत्माराम को मृत पाया। शव पानी में डूबा हुआ था। वहीं किनारे में उसकी चप्पल थी। अधेड़ के सिर में तीन से चार जगह चोट के निशान थे। खून निकल रहा था। वहीं एक कान का कुछ हिस्सा कटा हुआ था।

घटना की सूचना अर्जुनी पुलिस को दी गई। पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची और आसपास क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। तत्पश्चात पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। वहीं मृतक के पुत्र रोशन पटेल ने पिता की हत्या होने की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है।

## कोलियारी व जालमपुर में चाकूबाजी, दो घायल



**धमतरी।** नहरपार स्थित शराब दुकान में एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया गया है। वहीं जालमपुर में एक युवक पर चाकू से हमला हुआ है। मिली जानकारी



के अनुसार रूद्री निवासी कौशल साहू उम्र 30 वर्ष ट्रेक्टर चलाने का काम करता है। मंगलवार की शाम युवक कोलियारी नहरपार स्थित शराब दुकान गया था जहां किसी बात को लेकर अज्ञात चाकूबाज ने कौशल के बायीं जांघ पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। वहीं एक अन्य घटना में जालमपुर के पीछे मार्ग पर लक्की सिंदूर महंत घासीदास वार्ड निवासी के सिर के पीछे अज्ञात आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया है। चाकूबाजी की दोनों घटना के घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

## आटो में बैठी महिला के बैग से सोने का गुलबंद पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आटो में सवार होकर अपने भाई के घर रूद्री जा रही महिला के बैग में रखे सोने के गुलबंद की चोरी सफर के दौरान हो गई। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

■ भाई के घर रूद्री जा रही थी महिला

पीड़िता के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम कन्हारपुरी निवासी शारदा कंवर पति शेरसिंग अपनी बहन सीमा कंवर पति दशरथ के साथ रविवार को बस से धमतरी पहुंची। सिहावा चौक के पास आटो में बैठकर दोनों बहनें रूद्री निवासी अपने भाई के घर जा रही थीं। इस दौरान आटो में और कोई सवारी नहीं था। रत्नाबांधा चौक को पार करने के बाद दो और महिलाएं आटो में सवार हुईं। इस दौरान शारदा शो केस में रखे नेकलेस को बैग में रखकर बैठी थी। रूद्री जाने के लिए आटो में सवार हो गई। चालक ने आटो को तेज गति से चलाते हुए रूद्री पहुंचाया। इस दौरान दोनों बहनों ने चालक को आटो की गति कम करने के लिए भी कहा लेकिन आटो की गति



कम नहीं हुई। रूद्री पहुंचने पर दोनों बहनें आटो से उतरकर भाई के घर चली गईं। वहां पहुंचकर बैग को देखा तो डिब्बा से गुलबंद गायब था। गुलबंद की कीमत 70 हजार रूपये है। पीड़ित महिला ने कोतवाली पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दो पिकअप आपस में भिड़ी, दस मजदूर घायल, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

खेती कार्य से ग्राम कोर्रा से जा रही मजदूरों से भरी पिकअप को बेलहारी चौक में दूसरी पिकअप ने ठोकर मार दी। पिकअप में सवार लगभग 15 महिला पुरुष मजदूर घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल धमतरी लाया गया।

■ घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

घायलों ने बताया कि ग्राम कोर्रा से लगभग 30 लोग ग्राम जरवाय थाना रनचिरई खेती काम के लिए जा रहे थे तभी बेलहारी चौक में बायीं तरफ से आकर दूसरी पिकअप ने ठोकर मार दी। जिसमें लगभग 15 लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस और निजी वाहन से धमतरी जिला अस्पताल लाया गया, जहां



इलाज जारी है। घायलों में रघुनाथ सिंह 52 वर्ष, चंद्रिका साहू 31 वर्ष, रैनी साहू 36 वर्ष, कलाबाई 32 वर्ष, सातो यादव 50 वर्ष, उषा साहू 41 वर्ष, महेश साहू 45 वर्ष, मीना यादव 41 वर्ष, सोमतीबाई 35 वर्ष, पूजा साहू 32 वर्ष, संतोष 32 वर्ष सहित अन्य शामिल हैं। सोमतीबाई को ज्यादा चोट आई है जिसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है। बाकी की स्थिति ठीक है।



### घटनास्थल पर तत्काल पहुंचे कोर्रा सरपंच

ग्राम कोर्रा के सरपंच चोवाराम साहू ने बताया कि घटना के समय वे बोरझरा में सदस्यता अभियान में व्यस्त थे, तभी मोबाइल के माध्यम से सूचना मिलते ही पीएचसी कोर्रा की एंबुलेंस को घटनास्थल भेजा और स्वयं मोटरसाइकिल से ग्राम बटरेल पहुंचे। गंभीर रूप से घायलों को एंबुलेंस से धमतरी जिला अस्पताल भेजा और जिन लोगों को सामान्य चोट आई है उन्हें निजी वाहनों से कोर्रा पीएचसी पहुंचाया गया।

## नहर में मिली महिला के शव की हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

दो दिन पहले नहर में एक अज्ञात महिला का शव पानी में बहते मिला था। घटना के 24 घंटे के बाद महिला की शिनाख्ति पुरूर निवासी के रूप में की गई है।

■ मृतिका के चेहरे को जलीय जंतुओं ने नोच लिया था

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम डांडेसरा से होकर निकली मुख्य नहर नाली के पानी में एक अज्ञात महिला का शव बहते हुए ग्रामीणों ने देखा। राजेन्द्र चंद्राकर ने घटना की सूचना कुरूद पुलिस को दी। कुरूद थाना के महिला स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंच कार्रवाई में जुट गई। मृतिका के चेहरे को जलीय जन्तुओं ने नोच लिया था। शव को



कुरूद के मर्रच्यूरी ले जाने एम्बुलेंस नहीं मिल रही थी। कुरूद के शासकीय एम्बुलेंस की मदद मांगी गई लेकिन वह भी नहीं पहुंची। ऐसे में रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान अपने सहयोगी डोमन साहू के साथ सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। राजेन्द्र चंद्राकर व कुरूद पुलिस की मदद से शव को कुरूद अस्पताल के मर्रच्यूरी में शिफ्ट कर दिया। पुलिस शव को मर्रच्यूरी में सुरक्षित रख शिनाख्ति के प्रयास में जुट गई लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी महिला की पहचान नहीं हो पाई। दूसरे दिन सोमवार को पुरूर थाना में विजय यादव ने अपनी मां के लापता हो जाने पर गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्हें नहर में अज्ञात महिला की लाश मिलने की जानकारी मिली। विजय अपने परिजनों के साथ दोपहर में कुरूद थाना पहुंचा। पुलिस उन्हें मर्रच्यूरी में लाकर महिला का शव दिखाया जिसे बेटे ने अपनी मां भगवन्तीन बाई यादव पति संतोष उम्र 41 वर्ष ग्राम पुरूर जिला बालोद निवासी के रूप में शिनाख्ति की। पुलिस ने पंचनामा, पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद सोमवार को शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने बताया कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। महिला शनिवार को 11 बजे से लापता थी।

नवरात्रि महोत्सव : बिलाई माता की ख्याति दूर-दूर तक फैली, 250 साल पुराना है इतिहास

# सटियारा से लाए गए विशेष पत्थर से हुआ था विंध्यवासिनी मंदिर का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

दुनिया के विभिन्न पहाड़ पर्वतों पर मां विंध्यवासिनी की आराधना अलग-अलग रूप में श्रद्धा के साथ की जाती है। धमतरी शहर के रिहायशी क्षेत्र में स्थित मां विंध्यवासिनी की पूजा बिलाईमाता के रूप में होती है। इनकी ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। उस समय बियावान जंगल में स्वयंभू मां विंध्यवासिनी के बारे में मंदिर ट्रस्टियों ने 250 साल पुराने रोचक इतिहास को साझा किया है।

मां विंध्यवासिनी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार, सूर्याराव पवार, माधवराव पवार ने बताया कि 12 साल की प्रक्रिया के बाद 1947 में मां विंध्यवासिनी बिलाई माता मंदिर ट्रस्ट लोक न्यास घोषित हुआ। इसके पहले ट्रस्टी आपा साहेब को बनाया गया। ट्रस्टियों ने देवी इतिहास के बारे में बताया कि 250 साल पहले यहां बियावान जंगल हुआ करता था। उस समय सटियारा आज का डुबान क्षेत्र के मालगुजार बापूराव पवार थे। बापूराव पवार के पास वफादार चतुर घोड़ा था जिसमें सवार होकर वे जंगल भ्रमण के लिए निकलते थे। एक दिन घोड़े पर सवार होकर इसी जंगल से गुजर रहे थे। अचानक घोड़ा रूक गया। घोड़े के आगे नहीं बढ़ने का कारण बापूराव को समझा नहीं आया। घोड़े को जबरदस्ती आगे बढ़ाने का प्रयास किया। तब घोड़े का पैर पत्थर से टकरा गया। घोड़े के घायल होने पर बापूराव नीचे उतरे और उक्त पत्थर को हटाने का खूब प्रयास किया, लेकिन दिव्य रूप में मौजूद पत्थर को वे हटा नहीं पाए। जैसे-तैसे वे घायल घोड़े के साथ घर लौटे। बापूराव को रात में देवी का सपना आया। मां विंध्यवासिनी ने वहां पत्थर के ⏩ शेष पेज 13 पर



### नवरात्रि पर 320 ग्राम सोने का मुकुट और छत्र चढ़ेगा

नवरात्रि का पर्व गुरुवार से आरंभ होने जा रहा है। मंदिर के गर्भगृह, परिक्रमा स्थल के चारों तरफ मकराना संगमरमर पत्थर लगाया जा रहा है। करीब एक करोड़ की लागत से मंदिर को नया रूप दिया जा रहा है। मंदिर ट्रस्टी गुरूवार को सोने का छत्र और मुकुट से श्रृंगार करेंगे। ट्रस्टियों ने बताया कि छत्र में 160 ग्राम सोने की परत कापर के ऊपर चढ़ाई गई है, वहीं मुकुट में 180 ग्राम सोने की परत लगाई गई है। गुरुवार को सोने का छत्र और मुकुट से माता का श्रृंगार किया जाएगा।

### इसलिए बिलाईमाता के नाम से होती है पूजा

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि देवी प्रतिमा के पास हमेशा दो बिल्लियां माता की सुरक्षा और देखरेख में तैनात रहती थी। इसी कारण मां का नाम बिलाईमाता पड़ा। वहीं जनश्रुति में इसकी अलग कहानी है। बुजुर्गों से सुनी कहानी के अनुसार बियावान जंगल में वनवासी रहा करते थे। वनवासियों के बच्चे इस पत्थर के पास खेलते कूदते थे। वनवासी लोगों में पशु बलि की प्रथा थी। वनवासी बच्चे बलि प्रथा का खेल खेल रहे थे। वहां पर मौजूद दिव्य पत्थर को देवी माना और उसकी पूजा-अर्चना की। बलि देने के लिए बिल्ली लाई गई। बिल्ली की पूजा -अर्चना की गई। बिल्ली की बलि देने उनके पास हथियार नहीं थे तो बच्चों ने वहीं पड़े चिड़िया के पंख को चाकू मानकर बिल्ली के गले में चलाया। तत्काल बिल्ली का सिर धड़ से अलग हो गया। तब से बिलाई माता के नाम से मां विंध्यवासिनी को जाना जाता है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### अरौद में रामधुनी स्पर्धा का समापन आज

**मगरलोड।** ग्राम अरौद में ग्रामवासियों के सहयोग से 29 सितंबर से 2 अक्टूबर तक तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आज बुधवार को प्रतियोगिता का समापन होगा। इसके मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर होंगे। अध्यक्षता जनपद सदस्य नंदिनी रेखराम साहू करेंगी। विशिष्ट अतिथि भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विरेंद्र साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू, भाजपा मेघा मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजेश साहू, महामंत्री संतोष सोनी, डागेश्वर सोनकर, योगेश्वर साहू , रामस्वरूप साहू, योगेश चंद्राकर, मनीष पवार , प्रकाश शर्मा होंगे। समापन दिवस पर जय दुर्गा रामधुनी मंडली चिरपोटी (धमतरी) गायन सती उर्मिला, जय श्री कृष्ण रामधुनी मंडली नहरपुर (कांकेर) झांकी चांगुना, श्री हरि रामधुनी मंडली हसौदा (गरियाबंद ) झांकी आहिरावण बध, जय भोले लोक संस्कृति रामधुनी मंडली ढोकला गायन जयंत मोह, जय मां शीतला रामधुनी मंडली बेलटूकरी झांकी श्रवण कुमार, जय मां शक्ति कला रामधुनी मंडली नेवरीकला (बालोद), झांकी जामवंतीन विवाह की प्रस्तुति होगी।

### जुगदेही में नवरात्रि महोत्सव कल से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम जुगदेही में सदभावना मानस लीला मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 3 से 12 अक्टूबर तक नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि नेमेशवर प्रसाद साहू सरपंच जुगदेही होंगे। अध्यक्षता भोलाराम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति जुगदेही करेंगे। विशिष्ट अतिथि श्यामसुंदर साहू ग्राम पटेल जुगदेही, मोतीलाल साहू शिक्षक, सोहनलाल शिक्षक, गोपीराम साहू कोषाध्यक्ष ग्राम विकास समिति जुगदेही, रोहित नेताम संरक्षक आदिवासी समाज भखारा, मोहित अग्रवाल ग्राम कोटवार, छगन ठाकुर, भरतलाल साहू होंगे। 3 अक्टूबर को पारसमणि मानस परिवार पुराना बस्ती रायपुर, 4 अक्टूबर को श्री हरि कीर्तन भेंडरी राजिम, 5 अक्टूबर को जय मां शीतला जस झांकी परिवार कांदुल अर्जुंदा, 6 को झन भूलो मां बाप ला नाचा पार्टी मोखा पचपेड़ी, 7 को गरबा डांडिया एवं ग्रुप डांस, 8 को जय गढ़िया बाबा रामधुनी मंडली कंवर पलारी, 11 को रामलीला झांकी अहिरावण वध, 12 को रामलीला झांकी रावण वध का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम का संचालन टोडर साहू करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में धनेश्वर साहू, घुरबीन साहू, भागवत साहू, ओमन साहू, भानुराम साहू, जागृत साहू, भागवत साहू, मनहरण साहू, योगेंद्र साहू, डिलेश साहू, प्रताप ठाकुर, केशव निषाद, घनश्याम साहू, देवल साहू समेत ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

कुरूद से ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड की दूरी 4 गुना अधिक, लोग हो रहे परेशान

# मेघा पुल में आवागमन बंद, व्यवसाय हो रहा चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

मेघा महानदी पुल में 21 सितंबर की रात्रि दरार आ जाने की वजह से आवागमन पूर्णतः बंद कर दिया गया है। महानदी पुल के समीप एनीकट के कच्चे मार्ग से मोटरसाइकिल, साइकिल, पैदल आना-जाना किया जा रहा है। चारपहिया सहित भारी वाहन नारी, करेलीबड़ी खट्टी पुल मार्ग से गुजर रहे हैं। छोटे व्यापारियों को व्यवसाय करना मुश्किल हो गया है। कुरूद सब्जी मार्केट से छोटे-छोटे सब्जी व्यापारी प्रतिदिन खरीदी कर क्षेत्र के गांव बाजारों में सब्जी बेचकर परिवार पालन करते हैं। महानदी पुल से आवागमन बंद होने से चार गुना अधिक दूरी मार्ग से आना-जाना पड़ रहा है। इससे महंगाई बढ़ना स्वाभाविक हो गया है। किराना सामग्री के दाम में बढ़ोतरी की जानकारी मिल रही है। महानदी पुल में दरार, पिल्लर टूटने से आवागमन बंद है। इससे जनता को आने-जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को कुरूद मंडी धान बिक्री करने चार गुना वाहन किराया देना पड़ रहा है।






### महंगाई से नवरात्रि, दिवाली होगी फीकी

महानदी पुल से आवागमन बंद से वाहन आने-जाने में 4 गुना दूरी अधिक से बढ़ रही महंगाई के कारण नवरात्रि व दीपावली त्योहार के फीका पड़ने की प्रबल संभावना है। 3 अक्टूबर से नवरात्रि प्रारंभ हो रही है। 12 अक्टूबर को दशहरा और 31 अक्टूबर को दीपावली त्योहार मनाया जायेगा। जनता सहित व्यापारी वर्ग इस पर्व का वर्ष भर से इंतजार करते हैं।

### वैकल्पिक मार्ग बनाने प्रशासनिक कार्य शून्य

मेघा महानदी पुल से आवागमन अवरुद्ध होने पर प्रशासन द्वारा वैकल्पिक मार्ग निर्माण की गतिविधि शून्य है। संबंधित कोई भी विभाग निर्माण करने की तैयारी में नहीं है। जनता की समस्याओं को प्रशासन द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। आवागमन की जटिल समस्या पर प्रशासन का मौन लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### राजनीतिक विपक्षी नेता भूमिगत

मेघा महानदी की पुल में दरार, पिल्लर टूटने तथा आवागमन बंद होने से मगरलोड क्षेत्र के लोगों के लिए काला पानी की सजा मिलने जैसा हो गया है। गंभीर समस्या के बाद भी जनहित में आवाज उठाने राजनीतिक विपक्षी नेता भूमिगत हो गए हैं। कुछ भी बोलने के पक्ष में नहीं है।

## धूमा में रामधुनी कला प्रतियोगिता का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम धूमा में दो दिवसीय रामधुनी कला प्रतियोगिता 1 और 2 अक्टूबर को रखी गई है। शुभारंभ मंगलवार को भगवान श्रीराम की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया गया। आयोजन में विभिन्न मंडलियां भाग ले रही हैं जिसे देखने दर्शक काफी संख्या में भी उमड़ रहे हैं। शुभारंभ अवसर पर बहुरराम साहू सरपंच व रामधुनी मंडली अध्यक्ष एवं सदस्यगण केवल साहू, ओंकार साहू, मोहन यादव, रामजी, चमन, सेवाराम दिलीप, जयपाल, मनोज योगराज, गगन शिवराज बुद्धेश्वर शामिल रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक राजकुमार साहू, भुनेश्वर साहू, रामेश्वर साहू, जगतराम, संचालन हेमलाल साहू, केवल साहू हैं। समापन दिवस के मुख्य अतिथि भुनेश्वर साहू पूर्व सरपंच होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहुरराम साहू सरपंच करेंगे।

## हिंदू जागरण मंच की भेड़सर में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)



हिन्दू जागरण मंच मातृ शक्तियों एवं युवाओं के साथ जिले के गांव-गांव में धर्म जागरण अभियान को लेकर पहुंच रहा है। इसी तारतम्य में मानस भवन भेड़सर में हिन्दू जागरण मंच की बैठक हुई। जिला संयोजक प्रवीण साहू, सहसंयोजक पुरुषोत्तम निषाद ने हिन्दू जागरण मंच के प्रमुख आयाम पर युवाओं से चर्चा की। संस्कृति, महिला सुरक्षा, आर्थिक लेनदेन, स्वावलंबन, सुपोषण, युवाओं में बढ़ते नशापान, हिंदूशास्त्र, शस्त्र, मंदिर देवालय, पूजा पाठ, प्रसाद, अतिक्रमण, कुटुंब प्रबोधन, मतांतरण, जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण, विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। युवाओं ने गांव, समाज, परिवार को धर्मांतरण से बचाने का संकल्प लिया। इस दौरान जनेंद्र शर्मा, इंद्रेश साहू, हरीशचंद्र साहू, रंजीत साहू को महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया।

मौके पर अनिल धीवर, सोमप्रकाश साहू, राज साहू, डोमेश साहू, गैंदलाल साहू, संजय साहू, झम्मन धीवर, महेश साहू, आयुष साहू, कौशल ध्रुव, मोंटू, तुलेश्वर, संजू धीवर, कुलदीप साहू, लोकेश साहू, प्रीतम साहू, पुष्कर साहू, धनेन्द्र साहू, होमेश सेन समेत बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

## पॉलीथिन के दुष्प्रभाव के बारे में ग्रामीणों को किया जागरूक






- शासकीय एवं गुरुकुल महाविद्यालय के रासेयो छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत रासेयो इकाई यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड एवं गुरुकुल महाविद्यालय मगरलोड के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य नगर पंचायत एवं जनपद पंचायत मगरलोड में मेगा स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। नपं अध्यक्ष नीतू खिलावन द्वारा स्वच्छता से संबंधित शपथ दिलाई गई। उपाध्यक्ष भूपेश सिन्हा पार्षद महमूद खान, कमलेश बंजारे, देवेंद्र साहू, झमित सिन्हा, सत्यनारायण साहू, सुरेश साहू, हिरवानी ठाकुर के साथ आसपास के क्षेत्र की सफाई कर स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया गया।

शासकीय महाविद्यालय मगरलोड एवं गुरुकुल महाविद्यालय मगरलोड के स्वयंसेवकों द्वारा मगरलोड के बाजार चौक, बसस्टैंड में स्वच्छता कार्य किया गया जहां पर काफी मात्रा पालीथिन इकट्ठा किया गया। नगर पंचायत मगरलोड की गलियों, चौराहों में स्वच्छता रैली के माध्यम से लोगों को पॉलीथिन के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। जपं सीईओ रोहित बोरझा व कर्मचारियों के सहयोग से जनपद परिसर, गार्डन एवं आसपास से काफी मात्रा में पॉलीथिन एकत्रित कर डिस्पोज किया गया।

यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. घनश्याम देवांगन के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमा चंद्राकार, खिलेश्वर साहू, सहायक प्राध्यापक डॉ. सुशीला साहू के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर सहायक प्रध्यापक यादराम साहू, विष्णुदास मानिकपुरी, जीके सिन्हा, सुरेंद्र निषाद, निरुपमा चक्रधारी, सुखचन्द कश्यप, शासकीय महाविद्यालय से 85 और गुरुकुल महाविद्यालय से 70 स्वयंसेवक शामिल हुए।

## अंचल की खबरें

### हिममणि सोम को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**नगरी।** डाइट नगरी में कार्यरत वरिष्ठ व्याख्याता संकाय सदस्य श्रीमती हिममणि सोम को सेवानिवृत होने पर डाइट परिवार की ओर से ससम्मान विदाई दी गई। मौके पर प्राचार्य प्रकाश राय, डीके साहू, बीएम गजेंद्र, नरेंद्र देवांगन, जोहन नेताम, संगीता रणघाटी, अरविंद सार्वा, ईश्वरी ध्रुव, खिरभान, चिंताराम सोम, वेदप्रकाश साहू, उमेश्वरी ध्रुव, गिरीश, कौशल प्रसाद साहू प्रधानपाठक माध्यमिक शाला गोरेगांव समेत स्कूल स्टाफ मौजूद था।

### जोरातराई में रामधुनी सम्मेलन की धूम



**अंवरी।** ग्राम जोरातराई में दो दिवसीय अखंड रामधुनी सम्मेलन का शुभारंभ ठाकुरदेव चौक में हुआ। मौके पर हरबंश अग्रवाल, खिलावन पाल सरपंच, महेंद्र साहू ग्राम पटेल, सुदामाराम साहू, मानकलाल साहू, वीरसिंह निर्मलकर, टीकू साहू सिर्वे, मानसिंह साहू, टेमनसिंह साहू, बंशी साहू, प्रकाश साहू, कैलाश साहू, ओमप्रकाश साबला, धर्मेंद्र साहू, उमेश साहू, भोजराम साहू, जगमोहन साहू, थानुराम, तुलाराम नागरची, रामस्वरूप साहू, केजूराम साहू समेत ग्राम के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### सांसद ने की कार्यकर्ताओं से मुलाकात



**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी की जिला सदस्यता अभियान प्रभारी व महासमुन्द सांसद रुपकुमारी चौधरी का प्रवास मंडल नगरी में हुआ। इस दौरान महिलाओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने डोंगरडुला, परसापानी, राजपुर में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। मौके पर पूर्व विधायक पिंकी शाह, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, महामंत्री हृदय साहू, लेखनी साहू, पुष्पा साहू, चमेली, वंदना साहू, राजेश गोसाई समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कचना में संकुल स्तरीय संस्कृति महोत्सव का समापन



**जीजामगांव।** कचना में संकुल स्तरीय संस्कृति महोत्सव का समापन हुआ। सशिमं जीजामगांव के शिशु वर्ग में तबला वादक में तानीश साहू प्रथम, कथा कथन में ओजस्वी साहू द्वितीय, मानस प्रथमाक्षरी में एकता पटेल, हार्दिक पटेल, केजल पटेल प्रथम, वंदे मातरम गायन में शिवांगी, तानिया, पूर्वी प्रथम, गीता पाठ में प्रीति यादव द्वितीय, एकल अभिनय में सेजल कुर्रे, द्वितीय, बाल वर्ग में एकल अभिनय में आर्यन प्रथम, प्रश्नमंच में चितरेखा पटेल, नेहा साहू, हर्ष पाले प्रथम, मूर्ति कला में टामेश पटेल प्रथम, वंदे मातरम गायन में येनु पटेल, दुलारी पटेल, साक्षी पटेल द्वितीय, तबला वादन में धनेंद्र द्वितीय, मानस प्रथमाक्षरी में तूलिका, डिंपल, गुलशन द्वितीय, शास्त्रीय गायन में कशिश पटेल द्वितीय, गीता पाठ में भावना साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### नवदुर्गा उत्सव की तैयारी में जुटी समिति



**नगरी।** नगरी विकासखण्ड के ग्राम मेचका सोंढूर में इस वर्ष भी नव दुर्गा सेवा समिति द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना एवं शीतला मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित की जायेगी। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष संतोष नेताम, उपाध्यक्ष शेषनारायण धुर्वा, वशिष्ठ मरकाम ,भूपेंद्र नाग, रवि नेताम, रामशरण नेताम, पंकज कुमार जुटे हैं।

# रासेयो स्वयंसेवकों ने नगर में चलाया स्वच्छता अभियान

- बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा, पालीथिन एवं ठोस अपशिष्ट पदार्थ एकत्रित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर कुरूद नगर में स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के अंतर्गत मेगा ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद, शाउमावि करेली बड़ी, शाउमाविक कातलबोड़ एवं शासकीय आईटीआई कुरूद की एनएसएस इकाइयों द्वारा नगर पंचायत कुरूद में अधिकारियों- कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में स्वच्छता की शपथ ली गई। रासेयो के 200 से भी अधिक स्वयं सेवकों द्वारा कुरूद नगर के पुराना बाजार, चंडीमाता मंदिर परिसर, नयाबाजार, कारगिल चौक बसस्टेण्ड एवं डिपोरोड में स्वच्छता सह जागरूकता अभियान चलाया गया एवं शहर से बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा, पालीथिन एवं ठोस अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित किया गया।

इस अवसर पर नपं कुरूद के सीएमओ महेंद्रराज गुप्ता, नपं कुरूद के अध्यक्ष संजय तपन चंद्राकर, स्वच्छता निरीक्षक कुलदीप साहू, उप अभियंता भोजराज सिन्हा, सभापति मनीष साहू, डुमेश साहू, कुरूद कालेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर, शशांक कृदत्त, खेमराज सिन्हा, अनुराधा साहू, तुकेश साहू सहित रासेयो इकाई 1 कुरूद के कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार, शाउमावि कातलबोड़ के कार्यक्रम अधिकारी टुकेश्वर साहू, शाउमावि करेली बड़ी की कार्यक्रम अधिकारी दुर्गा सिन्हा, शासकीय आईटीआई कुरूद के कार्यक्रम अधिकारी चमन पाल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

कुकरेल मंडल के शक्ति केंद्र गट्टासिली में भाजपा का सदस्यता अभियान चला

# अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे शासन की योजनाएं : रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



कुकरेल मंडल के शक्ति केंद्र ग्राम गट्टासिली में भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया गया।

कुकरेल मंडल के महामंत्री संजय मरकाम ने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के आधार पर जिले के कुकरेल मंडल की शक्ति केंद्र गट्टासिली भारतीय जनता पार्टी का सदस्य अभियान की बैठक लोकसभा क्षेत्र महासमुंद की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के मार्गदर्शन में हुई। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। अंतिम छोर में बसे व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। प्रदेश में अधिक से अधिक संख्या लोगों को जोड़ना है और मोबाइल के माध्यम से सदस्यता ग्रहण करवानी है।

बैठक में राष्ट्रीय किसान मोर्चा के मंत्री पिंकी शाह, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, कुकरेल मंडल प्रभारी विकल्प गुप्ता, मंडल महामंत्री संजय मरकाम, शक्ति केंद्र प्रभारी अखिलेश प्रजापति, अध्यक्ष रामकुमार सम्राट, प्रेमसिंह सलाम, परदेसीराम मरकाम, दिलीप मरकाम, पुनाराम साहू, सोनाराम नेम, भावसिंह मरकाम, जितेंद्र महिलांगे, वासुदेव गंजे, रोहित यादव, जय जयराम, सुरेश प्रजापति, इंदल प्रजापति, यशवंत, विमल सलाम, दुकु मांडवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पितृ पक्ष पर सुपेला में अखण्ड रामनाम सप्ताह

**अंवरी।** ग्राम सुपेला (भखारा) में विगत 56 वर्ष की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी ग्रामवासियों के सहयोग से सात दिवसीय अखण्ड रामनाम सप्ताह यज्ञ रामधुनी सम्मेलन का आयोजन 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है। मंगलवार को दीप्ति रामधुनी मंडली ग्राम रानीतराई (पाटन) ने सबरी प्रसंग की व्याख्या करते हुए बताया कि भक्ति में करुणामई माता शबरी भगवान रामचंद्र के आने का इंतजार कर रहे थे। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान को स्वयं उसकी कुटिया में आना पड़ा। ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मूलचंद साहू ने बताया कि ग्रामवासियों के सहयोग से आदर्श झांकी मंडली ग्राम बोदल (मोखा) जिला बालोद का आयोजन किया जाएगा। इस अखंड रामनाम सप्ताह यज्ञ में प्रत्येक मंडलियों को 2501 रुपये सांत्वना राशि प्रदान की जायेगी। इस आयोजन को सफल बनाने में ग्राम विकास समिति के संरक्षक कृष्णदयाल साहू, सोनऊराम देवांगन, अध्यक्ष मूलचंद साहू, उपाध्यक्ष विष्णुराम देवांगन, कोषाध्यक्ष दिग्विजयसिंह साहू, सचिव द्वारिकाराम प्रधान, सदस्य पूरनलाल साहू, बुद्धदेव साहू, कामता देवांगन एवं कौशिल्या भंडार में रिखीराम साहू, विष्णुराम साहू, गुहलेदराम साहू, आशाराम साहू जुटे हैं।





### वाहन में शराब पीकर बैठे व्यक्ति की सेंसर से होगी पहचान, गंध से पहिए नहीं बढ़ेंगे आगे

# फरसियां के छात्र दिल्ली में बताएंगे सड़क दुर्घटना रोकने के उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

शराब के नशे में गाड़ी चलाने की वजह से आए दिन घटनाएं होती है और उन घटनाओं में प्रतिवर्ष लाखों लोग काल कलवित या अपाहिज हो जाते हैं। इसे रोकना एक बहुत बड़ी चुनौती है। इसे रोकने के उपाय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां के छात्र युवराज यदुराज दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में मॉडल के माध्यम से बताएंगे। यह मॉडल जगदलपुर में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होने के



पश्चात दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होगा।

युवराज ने बताया कि कोई भी व्यक्ति गाड़ी में शराब पीकर बैठता है तो गाड़ी अल्कोहल की पहचान करके गाड़ी के पहिए रोक देती है। गाड़ी के पहिए तब तक रुके रहते हैं जब तक की अल्कोहल की गंध वहां से समाप्त न हो जाए। यह मॉडल आने वाले समय में पूरे देश में दुर्घटना को रोकने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। एक वाहन चालक की गलती के कारण दूसरा चालक बिना गलती के दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। इन सब को नज़र में रखते युवराज ने एक मॉडल बनाया है जिसकी सहायता से अगर कोई वाहन चालक किसी प्रकार का नशा जैसे एल्कोहल (शराब) का सेवन कर वाहन चलाने की कोशिश करता है तो वाहन स्टार्ट नहीं होगा क्योंकि इसमें एक सेंसर वाहन चालक के मुख के पास लगा होता है जो शराब का गंध पाते ही वाहन को बंद कर देता है। इससे शराबी व्यक्ति वाहन नहीं चला सकता और दुर्घटना दर निम्न हो जायेगी।

इस मॉडल में दूसरा फीचर लगा है। इसकी सहायता से हम किसी लम्बे सफर में वाहन चालक को नींद आने की शिकायत होती है जिससे वे दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं तो वे इस मॉडल की सहायता से बच सकते हैं क्योंकि इस में एक सेंसर लगा होता है जो आंख के दो सेकण्ड बंद होते ही सायरन बजाती है और संकेत देता है। इसके बाद भी आंख नहीं खुलने पर वह इंजन को बंद करके ब्रेक लगा देता है। इसमें तृतीय फीचर यह है कि अगर वाहन के सामने कोई भी चीज, वस्तु, व्यक्ति, जानवर के आने से वाहन अपने आप ही रुक जायेगा अर्थात ब्रेक लग जाएगा।

प्राचार्य नीरज सोन से बताया कि वनांचल क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। युवराज का यह मॉडल देश में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में मददगार साबित होगा। विज्ञान प्रभारी अंजना लावत्रे ने बताया कि छात्र युवराज के इस मॉडल से सड़क दुर्घटना को रोका जा सकता है।

इस उपलब्धि पर व्याख्याता निरुपमा श्रीमाली, किरए श्रीमाली, लोमश पटेल, यशपाल साहू, प्रेमलाल ध्रुव, अरविंद सोम, रेणु सोम, अंजना लावत्रे, ऋषिकेश साहू, देवयानी सोम, मिलेंद्र ठाकुर, शिल्पा मानिकपुरी, पारुल बिसेन, त्रिवेणी सूर्यवंशी, चम्पा साहू, वेणुसुधा साहू, ललिता साहू, टिकेश साहू, त्रिलोक कपूर ध्रुव, भगवती ध्रुव, ललिता निषाद, भरत चनाप ने हर्ष व्यक्त किया है।

# गोला फेंक में अमित व दौड़ में अंकुर प्रथम रहे

■ अग्रवाल नवयुवक समिति ने आयोजित की खेलकूद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

अग्रवाल नवयुवक समिति द्वारा श्री अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में गोला फेंक, दौड़, क्रिकेट, कैरम, सिलिंगो, बैडमिंटन, लूडो, सांप सीढ़ी, ब्लाक डाउन, आनंद मेला, ड्राइंग, आरती की थाल सजाओ, नींबू दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें समाजजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

गोला फेंक में प्रथम अमित मनीष अग्रवाल रहे जिन्होंने 9.76 मीटर गोला फेंका। द्वितीय अंशुल कमल किशोर अग्रवाल 7.76 मीटर गोला फेंका। दौड़ में प्रथम अंकुर कैलाश अग्रवाल, द्वितीय अनुज



सुनील अग्रवाल, क्रिकेट प्रतियोगिता अंकित 11 और अमित 11 बीच खेला गया जिसमें पहले बैटिंग करते हुए अंकित 11 ने 61 रन बनाए। अमित 11 की टीम ने 61 रन के जवाब में 63 रन बनाकर जीत हासिल की। कैरम 18 वर्ष में प्रथम विदित संदीप अग्रवाल, द्वितीय शिवम दीपक अग्रवाल,

कैरम 18 वर्ष से ऊपर में प्रथम अभिषेक रामगोपाल अग्रवाल, द्वितीय सार्थक महिप अग्रवाल, सिलिंगो 18 वर्ष में प्रथम विहान मुरारी अग्रवाल, द्वितीय दर्शील जेपी अग्रवाल, सिलिंगो 18 वर्ष से ऊपर में प्रथम अभिषेक रामगोपाल अग्रवाल, द्वितीय हर्ष बृजमोहन अग्रवाल रहे। बैडमिंटन 18 वर्ष में प्रथम विदित संदीप अग्रवाल, द्वितीय दर्शील जेपी अग्रवाल, बैडमिंटन 18 वर्ष से ऊपर में प्रथम अंकुर कैलाश अग्रवाल, द्वितीय अंशुल कमलकिशोर अग्रवाल, सांप सीढ़ी 18 वर्ष से कम में प्रथम समर्थ विजित लाठ, द्वितीय मयंक मनीष गुप्ता, सांप सीढ़ी 18 वर्ष से ऊपर प्रथम विकास राजाराम दीवान, द्वितीय मनीष राजकुमार अग्रवाल, ब्लाक डाउन 18 वर्ष से कम में प्रथम समर्थ विजित लाठ, द्वितीय कान्हा प्रभात अग्रवाल रहे। ब्लाक डाउन 18 वर्ष से ऊपर में प्रथम पार्थ प्रमोद अग्रवाल, द्वितीय विशाल सुदीप अग्रवाल रहे। लूडो 18 वर्ष से कम में प्रथम अक्षत रवि अग्रवाल, द्वितीय शिवम दीपक अग्रवाल, लूडो 18 वर्ष से ऊपर में प्रथम कैलाश अग्रवाल, द्वितीय अविनाश विजय गर्ग, अग्रसेन आनंद मेला, प्रथम निकिता विजय गोयल, द्वितीय आकांक्षा मनीष जिंदल, डाइंग प्रतियोगिता 8 वर्ष में प्रथम शानवी आशीष अग्रवाल, द्वितीय अन्वी अंकुर सिंघल रहे।

# नहरपार तिराहा में चल रहा था जुआ, पहुंची पुलिस



■ जुआ खेलते आधा दर्जन आरोपी हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

सोमवार को नहरपार तिराहा में जुए की महफिल सजी थी। इसी दौरान कोतवाली व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने रेड मारी। इस दौरान 6 जुआरी को जुआ खेलते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार जुआ-सट्टा पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में जुआरी व सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से अधारी नवागांव नहरपार तिराहा के पास जुआ खेले जाने की सूचना मिली। कोतवाली पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने तत्काल नहर पार तिराहा के जुआ फड़ में रेड की कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर 6 जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 25 हजार 460 रूपये, 20 हजार रूपये कीमत के 6 नग मोबाइल कुल 45 हजार 460 रूपये जब्त किया। पुलिस ने आरोपी संजय सोनकर उम्र 28 वर्ष ब्राम्हणपारा वार्ड, अमृत प्रताप तिवारी 60 वर्ष पोस्ट आफिस वार्ड, वासु घाड़गे 38 वर्ष बांसपारा निवासी व मो. अमीर 28 वर्ष, उत्तम साहू 28 वर्ष तथा धर्मेंद्र बघेल उम्र 22 वर्ष तीनों आधारी नवागांव निवासी के खिलाफ धारा 3-2 छग जुआ प्रतिबंध अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

इस कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, साइबर प्रभारी सन्नी दुबे, प्रआ देवेंद्र राजपूत, लोकेश नेताम, आरक्षक मुकेश मिश्रा, कृष्ण पाटिल, आनंद कटकवार, युवराज ठाकुर, योगेश नाग, योगेश ध्रुव व कोतवाली से दीपक साहू, महेश्वर ध्रुव, भुनेश्वर त्रिपाठी व नागेन्द्र सिंह का योगदान रहा।

# राम की भक्ति से मानव भवसागर से पार हो जाता है : कविता

■ बोदाछापर में रामधुनी के समापन कार्यक्रम में पहुंची जिला पंचायत सभापति

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

ग्राम बोदाछापर में रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। समापन अवसर की अतिथि जिला पंचायत सभापति श्रीमती कविता योगेश बाबर थीं। भगवान श्रीराम के चित्र पर पूजा-अर्चना कर सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती बाबर ने कहा कि अभी



पितृ का पावन पर्व चल रहा है। ऐसे कार्यक्रम से गांव में धार्मिक वातावरण एवं आपसी भाईचारा, प्रेम, सौहार्द्र का निर्माण होता है। आगे कहा कि प्रभु राम की भक्ति से मानव भवसागर से पार हो जाता है। मौके पर राम नारायण ध्रुव, रूपचंद साहू, कृष्ण साहू, अर्जुन साहू, भीखम साहू, विक्रम तिवारी, यमुना यादव, रेखा ध्रुव, ईश्वरी साहू, भुवन साहू, रुपेश साहू, पुरूषोत्तम साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कोसमर्रा स्कूल के छात्रों ने निकाली स्वच्छता रैली

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में प्राचार्य चैतराम साहू एवं कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर के मार्गदर्शन में एनएसएस इकाई द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा कोसमर्रा में स्वच्छता जनजागरूकता रैली निकालकर स्लोगन स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ, दीप से दीप जलायेंगे, स्वच्छता अपनायेंगे का संदेश दिया।

## रुद्री में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन

सातवें दिन भगवान कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का किया वर्णन

# जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है, उसका जीवन तर जाता है : रामप्रताप शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

विगत सात दिनों से रुद्री में चल रहे श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के विश्राम दिवस पर कथा व्यास आचार्य रामप्रताप शास्त्री महाराज ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। सातवें दिन कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए श्री शास्त्री ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा से समझ सकते हैं । उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र कृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे। द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना। प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया हुआ। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब-जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है, प्रभु उनका तारण करने अवश्य आते हैं। नरेन्द्र, दीनदयाल, कौशल साहू के शुभ संकल्प से चल रही सात दिवसीय कथा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। श्री शास्त्री जी ने कहा कि जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है, उसका जीवन तर जाता है। इस अवसर पर साहू परिवार के आमंत्रण में आए गणमान्य लोगों का श्री शास्त्री ने माला पहनाकर सम्मानित किया। भागवत कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था।

कथा श्रवण करने प्रीतम साहू पूर्व विधायक बालोद, पूर्व विधायक रंजना साहू, डीपेंद्र साहू, डॉ दिनेश साहू, कन्हाई सिन्हा, बेनीवाल साहू, दिलीप कुमार, भानुप्रताप राजपूत, शकुन, रविंद्र साहू, तुलसीराम यादव, सत्यप्रकाश मुंजवानी, अशोक कुमार साहू, अवनेंद्र साहू, उमेश साहू, सुनील साहू, रामकुमार साहू, केके साहू, यशवंत साहू, रामेश्वर साहू, माधवेन्द्र हिरवानी, गजनंद साहू, भूमिका देवी, अर्चना साहू, माया साहू, गुंजा साहू, पूर्णिमा साहू, मनीषा साहू, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

### पूर्व विधायक ने किया कथा का रसपान



आमंत्रण हेरिटेज साहू सदन में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का रसपान करने पूर्व विधायक रंजना साहू पहुंची। उन्होंने व्यासपीठ से आशीर्वाद लिया। कथा रसपान कर पूर्व विधायक श्रीमती ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मोक्ष का द्वार है। सर्वप्रथम यह कथा राजा परीक्षित ने सुनी थी। श्रीमद् भागवत कथा द्वापर युग से चली आ रही है और आज कलयुग में निरंतर यह आयोजन हो रहा है। इस कलयुगी जीवन से मोक्ष मार्ग का शाश्वत सत्य श्रीमद् भागवत महापुराण है, जिसका श्रवण करने मात्र से जीवन धन्य हो जाता है।

# अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की छात्रों ने ली शपथ



स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल में हुआ विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल में आसपास के सभी स्कूलों का एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें स्वच्छता के महत्व से अवगत कराना था।

सभी छात्रों को भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, महापौर विजय देवांगन, आयुक्त विनय पोयाम, नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा, उपायुक्त पीसी सार्वा, एमआईसी मेंबर राजेश ठाकुर, प्रभारी कार्यपालन अभियंता महेंद्र जगत ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने प्रतिज्ञा की कि वे अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के लाभ और उसकी आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। स्लोगन वाले पोस्टर लेकर स्कूल के आसपास सफाई अभियान चलाया गया। इस तरह के कार्यक्रम से विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति एक सकारात्मक सोच विकसित होती है और वे अपने समाज में भी इसे फैलाने का प्रयास करते हैं। इसके आलावा निगम एरिया के अन्य सभी स्कूलों में भी स्वच्छता शपथ स्कूली बच्चों को दिलाई गई। मेनोनाइट स्कूल में शपथ के अवसर पर मिशन मैनेजर शशांक मिश्रा, स्कूल प्राचार्य, शिक्षकगण, सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

2 अक्टूबर को स्वच्छत्ता ही सेवा के समापन अवसर पर इंडोर स्टेडियम में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित है जिसमें स्वच्छता को लेकर अलग अलग इवेंट्स किए जायेंगे। जनसमस्या के निवारण के लिए विशेष कैंप भी लगेगा जहां हेल्थ चेकअप होगा। इसके अलावा स्वच्छता की दिशा में सराहनीय कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जायेगा।

# कलेक्टर नम्रता गांधी ने सेवानिवृत्त तीन कर्मचारियों को पेंशन प्राधिकार पत्र सौंपा

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने 30 सितम्बर 2024 को सेवानिवृत्त हुए जिले के 3 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री गांधी ने सेवानिवृत्त हुए सभी अधिकारी, कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं और स्वस्थ रहने की कामना की। सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों में कुरूद के उच्चश्रेणी शिक्षक सुरसेन ध्रुव, प्राथमिक शाला नगरी के प्रधानपाठक अशोक ध्रुव और पुलिस अधीक्षक कार्यालय की एएसआई अरूणा देवी साहू शामिल हैं।



Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### योगेश्वर को मिला सुंदरलाल यादव स्मृति सम्मान



**धमतरी।** मानस दर्शन जीवन अर्पण के बैनरतले केशकाल में आयोजित ऐतिहासिक मानस दर्शन अलंकरण समारोह में श्री राजमानस संघ धमतरी के उपाध्यक्ष योगेश्वर साहू को सेवानिवृत्त व्याख्याता ब्रम्हलीन सुन्दरलाल यादव अनुरागी अलंकार से अलंकृत किया गया। संघ के अध्यक्ष अर्जुनपुरी गोस्वामी, सचिव डॉ जेएल देवांगन, प्रवक्ता डॉ भूषण लाल चंद्राकर ने बताया कि सुन्दरलाल अनुरागी राजमानस संघ धमतरी के प्रथम अध्यक्ष एवं संस्थापक सदस्य रहे। छत्तीसगढ़ के मानस मंच संचालन की नींव के पत्थर थे। आज भी मानस मंचों में श्री अनुरागी की काव्य पंक्तिया गूंजती हैं। योगेश्वर साहू को सम्मान मिलने पर संरक्षक कोदूराम चंद्राकर, खूबलाल साहू, डोमार सिंह दादरा, खिलेश्वरी किरण, सियाराम साहू, पुरानिक राम साहू, शिवदयाल साहू, दानीराम साहू समेत अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### साहू समाज ने किया वृद्धजनों का सम्मान



■ वृद्धाश्रम रुद्री में फल एवं वस्त्र भेंट किये

**धमतरी।** जिला साहू संघ के पदाधिकारियों ने अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धाश्रम रुद्री में वृद्धजनों की पूजा-आरती कर फल, साड़ी, शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने कहा कि बुजुर्ग हमारे लिए ईश्वर का अवतार होते हैं। उनका आशीर्वाद सदैव हमारे साथ होता है। वृद्धजनों के प्रति हम सभी के मन में सम्मान और अटूट प्रेम होना चाहिए। उम्र के अंतिम पड़ाव में जब वे असहाय और अक्षम होते हैं तो उनके साथ होना, उनकी सेवा करना महत्वपूर्ण है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष तोरण साहू, श्रीमती केकती साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंद्रकला साहू, तहसील अध्यक्ष गोपाल साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पवन गजपाल, प्रदेश न्याय प्रकोष्ठ सदस्य परामर्शदाता गजानंद साहू, जिला सचिव मंजूषा साहू, भगवताचार्य देवी भूमिका, परिक्षेत्र अध्यक्ष राजेंद्र साहू, मनोज साहू, कल्याण साहू, भीषण साहू उपस्थित थे।

### रामसुमन ने प्राकृतिक और जैविक खेती पर दिया जोर



**धमतरी।** इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर के प्रबंधन मंडल के सदस्य रामसुमन उइके ने कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी का भ्रमण किया। डॉ. ईश्वर सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक ने उन्हें कार्यालय में लगे क्रॉप कैफेटेरिया की जानकारी दी। इसमें 30 प्रजाति के धान लगे हुये हैं। इसे पूर्णरुपेण प्राकृतिक रुप से किया जा रहा है। इसके बाद उन्होंने प्रक्षेत्र सेहराडबरी का भ्रमण किया। उन्होंने धान के विभिन्न किस्मों के बीजोत्पादन, बांस मिशन तथा बांस पौध प्रवर्धन, तीन प्रजाति के बांस बाल्कुआ, टुल्डा, वुलगेरिस का निरीक्षण किया। मछली पालन इकाई, बकरी पालन इकाई, पशुपालन इकाई, बतख पालन इकाई, मातृ बगीचा, दुबराज सलेक्शन समेत अन्य फसल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। इस दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. अमित सिन्हा, डॉ. शक्ति वर्मा, मनीषा खापर्डे, प्रेमलाल साहू, डॉ. दीपिका चन्द्रवंशी, आशीष बंजारे समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्कूलों में होगी निबंध और ड्राईंग प्रतियोगिता

■ जिले में 2 से 8 अक्टूबर तक मनाया जाएगा मद्यपान निषेध सप्ताह

**धमतरी।** समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में 2 से 8 अक्टूबर तक मद्यपान निषेध सप्ताह मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग एवं राजधानी रायपुर की प्रतिष्ठित सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा संयुक्त रूप से कक्षा नवमी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों हेतु निबंध, भाषण व पोस्टर स्पर्धा आयोजित की जाएगी। उप संचालक, समाज कल्याण विभाग अखिलेश तिवारी ने बताया कि स्पर्धा में धमतरी शहर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। उन्होंने संस्था प्राचार्यों से कहा कि वे इच्छुक विद्यार्थियों से नशा नाश की जड़ है विषय पर अधिकतम 500 शब्दों में हिंदी भाषा में निबंध लिखवाकर तथा मद्यपान निषेध विषय पर ड्राईंग शीट में पोस्टर बनवाकर 3 अक्टूबर तक शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी में जमा कराएं।

### कुरूद कालेज में भूगोल परिषद का गठन



**कुरूद।** संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के प्राचार्य डॉ.डीके राठौर के निर्देशानुसार महाविद्यालय के भूगोल विभाग में विभागीय भूगोल परिषद् का गठन किया गया। मनोनयन छात्र-छात्राओं द्वारा पिछली कक्षा में प्राप्त उच्च अंकों के आधार पर किया गया। भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक अमित टंडन ने भूगोल परिषद के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली, दिशानिर्देश एवं छात्र-छात्राओं के परिषद से संबंधित कर्तव्यों को बतलाया। भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष मनहरणसिंह साहू ने सभी मनोनीत छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाकर कर्तव्यों का भली-भांति निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। प्रमिला निषाद अध्यक्ष, फलितकुमार उपाध्यक्ष, न्यासा चन्द्राकर सचिव, मूलचंद सहसचिव, पावनी साहू कोषाध्यक्ष का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में द्रोपदी देवांगन, हेमराज डहरे, रूपेश्वरी, यामिनी, डाली साहू, केदार सिंह शामिल हैं। इस अवसर पर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं , विभागाध्यक्ष डॉ. मनहरणसिंह साहू, अमित टण्डन, अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. ममता साहा, वायआर उईके प्रयोगशाला तकनीशियन उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सटियारा से लाए गए विशेष पत्थर से हुआ विंध्यवासिनी मंदिर का निर्माण

रूप में विराजमान होने तथा वहां पूजा-अर्चना और मंदिर निर्माण करने को कहा। इस स्वप्न और घटना की जानकारी बापूराव ने अपने परिजनों को दी। तब बापूराव की पुत्रवधु स्व.चंद्रभागा बाई पति दीवान पवार ने अपने गृहग्राम सटियारा से विशेष साईज का पत्थर तैयार कर बैलगाड़ी से लाया और मंदिर का निर्माण किया। मंदिर निर्माण के समय चंद्रभागा के नाम पर संस्कृत में लिखा शिलालेख गर्भगृह में आज भी मौजूद हैं। इसे स्पष्ट पढ़ा जा सकता है। मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात दिव्य पत्थर ऊपर उठा। आज भी देवी की दिव्यता देखते ही बनती है।

## खबर संक्षेप

### पेंडरवानी में शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कल से

**धमतरी।** शारदीय नवरात्रि पर्व पर ग्राम पेंडरवानी में ग्रामवासियों और जय माता रानी दुर्गोत्सव समिति द्वारा तीन से 10 अक्टूबर तक कथावाचिका सौम्या किशोरी दुबे वृंदावन धाम के मुखारविंद से संगीतमय श्री शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। परायणकर्ता पंडित आशीष दुबे रायपुर होंगे। तीन अक्टूबर को श्री देव प्रतिष्ठा, पुराण स्थापना, चार अक्टूबर को श्री ब्रम्ह विष्णु, शिव संवाद, पांच अक्टूबर को श्री नारद चरित्र, गुण निधि कथा, छह अक्टूबर को सती चरित्र, शिव विवाह, सात अक्टूबर को जालंधर चरित्र, शुक्राचार्य, आठ अक्टूबर को श्री शिव के अनेक अवतार, नौ अक्टूबर को श्री मातृशक्ति कथा और 10 अक्टूबर को गीता, हवन, पूर्णाहूति, प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में जय माता दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष लिखन साहू, संरक्षक आसकुमार साहू, उपाध्यक्ष ब्रिजेश देवांगन, सचिव निरंजन साहू, सहसचिव त्रिलोचन देवांगन, कोषाध्यक्ष खेमराज साहू सहित ग्रामवासी जुटे हैं।

### बिरगुड़ी बूथ में सुनी गई मन की बात

**नगरी।** बेलर मंडल में बिरगुड़ी शक्ति केंद्र अंतर्गत बुथ क्रमांक 197 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी गई। इस दौरान नरेंद्र मोदी ने जल एवं जलवायु पर विस्तार से जानकारी दी। लोकल फार वोकल, अमेरिका द्वारा देश की तीन सौ पुरानी कलाकृतियां के वापस लौटाने की जानकारी दी। स्वच्छता पर भी विस्तार से बात रखी। इस दौरान जिला भाजपा मंत्री राजेंद्र गोलछा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अकबर कश्यप, दीपक साहू, मदन सरोज, राधेश्याम नाग, मुकेश देव, संतोष पांडे, संजय शांडिल्य, कार्तिक सोम, नरोत्तम नेताम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

डामरीकरण नहीं होने पर दी चक्काजाम की चेतावनी

# सड़क पर बिछाया डस्ट, नहरनाका चौक वासियों का जीना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



गिट्टी डस्ट वाली सड़क की धूल से दानीटोला वार्ड के निवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। यहां पर रहने तथा व्यवसाय करने वाले इतने परेशान हो गए है कि अब सड़क की लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं। सोमवार को दानीटोलावासियों ने कलेक्टोरेट का घेराव कर तत्काल समस्या निवारण की मांग करते हुए चक्काजाम करने की चेतावनी दी है।

सिहावा रोड स्थित नहरनाका चौक के निवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि सड़क पर अनावश्यक रूप से गिट्टी और डस्ट बिछाया गया है। इस मार्ग में भारी वाहनों से लेकर दोपहिया वाहन दिन रात दौड़ते हैं। वाहनों के चलने से धूल हमेशा उड़ती रहती है। जिससे सड़क के आसपास रहने तथा व्यवसाय करने वाले परेशान हैं। धूल के कारण दृश्यता कम होने से हमेशा दुर्घटना होती रहती है। गांव से आने जाने वाले स्कूली छात्रों को काफी तकलीफ का सामना करना पड़ता है। धूल के प्रभाव से आंख और श्वास संबंधी बीमारी की शिकायत मिल रही है। सड़क का सुधार डामरीकरण से हो सकता है लेकिन कई बार शिकायत के बाद भी प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वार्डवासियों का कहना है कि तत्काल डामरीकरण कर लोगों को बड़ी समस्या से राहत दिलाएं। जब तक डामरीकरण नहीं होता तब तक पानी का छिड़काव प्रतिदिन किया जाए। मोहल्लेवासियों ने कहा है कि उनकी मांग पूरी नहीं होने पर वे चक्काजाम करने को मजबूर होंगे, जिसकी समस्त जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक सर्वेक्षण होगा

**धमतरी।** अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण एवं योजनाओं का प्रचार-प्रसार छग राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा नियुक्त नई दिल्ली की स्वैच्छिक संस्था द्वारा जिले में किया जाएगा। कलेक्टर नम्रता गांधी ने बताया कि यह सर्वे आगामी दिसम्बर माह तक किया जाएगा, जिसके लिए संस्था के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को आईडी कार्ड छग राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा जारी किया गया है। इस दौरान सर्वेक्षणकर्ताओं द्वारा भारत सरकार एवं राज्य सरकार की अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु लागू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का ब्रोशर, जो अल्पसंख्यक आयोग द्वारा तैयार किया गया है, निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

# भाजपा सरकार में लोग डर के साये में जी रहे : ओंकार



- न्याय यात्रा में विधायक ने की शिरकत, आपराधिक घटनाओं को रोकने में विफल होने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

बीजेपी सरकार के खिलाफ निकाली जा रही कांग्रेस की न्याय यात्रा में विधायक ओंकार साहू शामिल हुए। उन्होंने भाजपा सरकार पर बढ़ती आपराधिक घटनाओं को रोकने में विफल होने का आरोप लगाया। ज्ञात हो कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में यह यात्रा राज्य में सतनामी समाज के आस्था के केंद्र गिरौदपुरी से शुरू की गई है। यहां दो हजार से अधिक कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हो रहे हैं।

इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू ने कहा कि प्रदेश में हत्या, लूट, चाकूबाजी, महिलाओं के खिलाफ अपराध और डकैती की घटनाएं लगातार हो रही हैं। लोग डर के साये में जी रहे हैं। यह यात्रा राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ विरोध प्रदर्शन है। यात्रा के दौरान अमर गुफा (बलौदाबाजार) में सतनामी समाज द्वारा पूजे जाने वाले पवित्र प्रतीक जैतखाम की तोड़फोड़ के विरोध में गिरफ्तार किए गए निर्दोष लोगों की रिहाई और कबीरधाम जिले में पुलिस यातना के कारण न्यायिक हिरासत में प्रशांत साहू की मौत के लिए जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ विरोध दर्ज करने समेत अन्य मांगों को इस न्याय यात्रा के जरिये उठा रहे हैं।

इस न्याय यात्रा में विधायक ओंकार साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर, कविता योगेश बाबर जिला पंचायत सदस्य, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, कृष्ण मरकाम, उदित साहू, लीली श्रीवास्तव, केशव साहू, गोविन्द साहू,पारसमणि साहू, चितेंद्र साहू, नोमेश सिन्हा, धर्मेंद्र पटेल, तेजप्रताप साहू, हिमांशु साहू, गज्जू साहू, उमेश साहू, देवेंद्र सिन्हा, कृष्णा लहरे, अन्नू लहरे, सुदीप सिन्हा समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जल जगार के खेलों के लिए प्रविष्टियां मंगाई गई

- गंगरेल में जिला प्रशासन द्वारा आयोजन 5 एवं 6 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी




गंगरेल के मनोरम तट पर जिला प्रशासन द्वारा जल जगार महोत्सव का आयोजन 5 और 6 अक्टूबर को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पानी बचाओ विषय पर अंतरराष्ट्रीय जल सम्मेलन के साथ ड्रोन शो आकर्षण का केन्द्र होगा। इस महोत्सव में गंगरेल ट्रेल रन के लिए पंजीकरण प्रातः 5 बजे से, जल सभा निःशुल्क प्रातः 11 से शाम 5 बजे तक, दोपहर 12 बजे से अंतरराष्ट्रीय जल सम्मेलन आमंत्रित अतिथियों के लिए, दोपहर 12 बजे प्रदर्शनी एवं सामुदायिक खेल निःशुल्क, कबाड़ से जुगाड़ निःशुल्क दोपहर 12 बजे से पंजीयन होगा। वहीं जल ओलम्पिक 100 रूपये शुल्क प्रति व्यक्ति के लिए प्रातः 7 बजे, कार्निवल में निःशुल्क प्रातः 9 बजे से, नवरात्रि मेला में 20 रूपये प्रति व्यक्ति प्रवेश शुल्क प्रातः 11 बजे से शाम 6 बजे तक प्रवेश ले सकते हैं। सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए शाम 5 बजे पहले आओ पहले पाओ आधार पर प्रवेश मिलेगा। कैंपिंग के लिए 999 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से पंजीयन होगा।

# 3.50 करोड़ से बनेगा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

- नपं आमदी की पीआईसी बैठक में विकास कार्यों के लिए बनी कार्ययोजना
- जल्द ही शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏩आमदी(धमतरी)



नगर पंचायत आमदी में प्रेसीडेंट इन कौंसिल (पीआईसी) की महत्वपूर्ण बैठक हुई। अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष हेमन्त माला ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर के विकास और स्वच्छता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार करना और आगामी विकास कार्यों के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करनी थी।

बैठक में नगर विकास से संबंधित कई अहम एजेंडा प्रस्तुत किए गए। स्वच्छ भारत मिशन अर्बन 2.0 (एसबीएम-यू 2.0) के अर्बन वेस्ट मैनेजमेंट (यूडब्ल्यूएम) घटक के तहत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण था। इस योजना के तहत 3.50 करोड़ रुपये की लागत से एसटीपी के निर्माण की कार्ययोजना तैयार की गई। यह योजना नगर के स्वच्छता मानकों को बढ़ाने और पर्यावरणीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस योजना के तहत एसटीपी के माध्यम से गंदे पानी के उपचार और उसके पुनः उपयोग पर जोर दिया गया है जिससे जल संसाधनों का संरक्षण होगा और नगर को स्वच्छ रखने में सहायता मिलेगी। इसके लिए जल्द ही कार्ययोजना को अंतिम रूप देकर शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे और प्रस्तावित निर्माण कार्यों पर भी चर्चा की गई। विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए लगभग 45 लाख रुपये की निविदाएं जारी की गई थीं, जिनकी दरों को बैठक में अनुमोदित किया गया। इन निर्माण कार्यों में सड़क निर्माण, नाली निर्माण, प्रकाश व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं से नगरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं मिलेंगी और नगर का समग्र विकास होगा।

बैठक में अध्यक्ष हेमन्त माला ने नगर के विकास को प्राथमिकता देते हुए सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की और विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। नगर पंचायत आमदी के समग्र विकास के लिए यह आवश्यक है कि हर योजना को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित किया जाए। मौके पर पीआईसी सदस्यगण तेजराम साहू, उमानंद कुंभकार, कोमल यादव, श्रीमती लेखेश्वरी साहू व मुख्य नगरपालिका अधिकारी भूपेश दीवान, उपअभियंता डीगेश्वर साहू, नारायण नेताम की उपस्थिति रही।

## भेंडसर में पोषण त्योहार मनाया गया

**अंवरी।** ग्राम पंचायत भेंडसर में पोषण त्योहार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिशुवती, गर्भवती महिलाओं को पर्यवेक्षक श्रीमती नीता वर्मा ने पोषक आहार के बारे में बताया। स्थानीय फल सब्जी का अधिक से अधिक उपयोग करने कहा। आरटीई के व्यंजन एवं स्थानीय सब्जियों की प्रदर्शनी लगाकर उसका महत्व बताया गया। डॉक्टर प्रवीण चंद्राकर ने गर्भवतियों को गर्भ संस्कार के बारे में जानकारी दी। योग शिक्षक परशुराम निर्मलकर ने गर्भावस्था के दौरान मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखने के लिए विभिन्न योग एवं ज्ञान का प्रदर्शन कर गर्भवतियों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया।

# कांग्रेस पार्टी अहिंसा के मार्ग पर चलकर जनहित का कार्य करती है : नीशु

- कांग्रेस की न्याय यात्रा में शामिल हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने 27 सितम्बर से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में न्याय यात्रा सतनामी समाज की आस्था के केंद्र गिरौदपुरी से शुरू की है जिनका समापन 2 अक्टूबर को रायपुर गांधी मैदान में विशाल सभा के रूप में होगा। न्याय यात्रा के 5 वें दिन जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर क्षेत्र के वरिष्ठ एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। यात्रा सारागांव से प्रारंभ होकर सड्डु रायपुर में समाप्त हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री चन्द्राकर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की विष्णुदेव सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। बलौदाबाजार प्रकरण में साय सरकार अपनी नाकामी छुपाने निर्दोष कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं सतनामी समाज के लोगों को अपराधी बनाकर प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है।

कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही अहिंसा के मार्ग पर चलकर जनता को हक और न्याय दिलाने का कार्य करती आई है। आज साय सरकार की तानाशाही नीतियों के खिलाफ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित सभी वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं।

प्रदेश की जनता को भ्रमित कर सत्ता हासिल करने वाली भाजपा को क्षेत्र की जनता आने वाले निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव में सबक सिखायेगी। न्याय यात्रा में प्रमुख रूप से सभापति जिपंधमतरी सुमन साहू, जिपं सदस्य मनोज साक्षी, सरपंच संघ अध्यक्ष राजेश चंद्राकर, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष धमतरी राजा देवांगन, पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष भोथली मोहित साहू, पारसमणि साहू, नोमेश सिन्हा, लीली श्रीवास, तेजप्रताप साहू, अरविन्द यादव, चैतन्य साहू, सुफियान खान, प्रदीप सोम, सुदीप सिन्हा, लक्ष्मीनारायण ध्रुव, लक्की ध्रुव, राकेश नेताम, जयप्रकाश, शिव चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, नेत्रप्रकाश रामटेके, ललित यादव, मोनू चंद्राकर, सुशील ध्रुव, चंदन साहू सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान
कटे होंठ व तालु का नि:शुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
पॉली ट्रॉमा
मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
हड्डियों से मवाद रिसना
ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

हाथी पांव
पैर में सूजन (हाथी पांव)
जैनाईटल फाईलेरियेसिस (जननांगों में सूजन)
DR. NIRVED JAIN (PLASTIC SURGEON)
जीवन हॉस्पिटल
न्यू शांति नगर, गली नं. 04, रायपुर (छ.ग.)
7400558800

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि - स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

जांच परामर्श ओपीडी सेवाएं धमतरी में
3 अक्टूबर 2024, गुरुवार
RAMKRISHNA CARE HOSPITALS
स्थान: श्रीराम हॉस्पिटल, गंगरेल रोड, धमतरी
प्लास्टिक सर्जरी सुबह 10.30 से 12.30 बजे
विशेषज्ञ डॉ. सुभाष साहू MBBS, MS Mch, Consultant - Plastic Surgery
अत्याधुनिक ईलाज सुविधाएं
• किसी भी प्रकार की जन्मजात एवं चोट के कारण आई हुई विकृति का ईलाज
• हाथों की पुरानी चोट से कमजोरी एवं विकृति
• जन्म से हाथ, पांव एवं मुंह की विकृति
• सभी प्रकार की कारमेटिक सर्जरी
स्थान: शिवनंदा हॉस्पिटल, जिला अस्पताल के पीछे, धमतरी
कैंसर रोग सुबह 10.30 से 11.30 बजे
विशेषज्ञ डॉ. सौरभ जैन MBBS, M.S. (Gen Surgery) DrNB (Surgical Oncology) Fellowship in Thoracic Surgical Oncology Tata Memorial Hospital, Mumbai Cunsultant - Surgical Oncology
कैंसर रोग के लक्षण
• मुंह में अल्सर न ठीक होना
• ब्रेस्ट में गांठ • गर्दन या चेहरे में सूजन
• निगलने में कठिनाई
• थूक में रक्त • मल में खून
• लंबे समय तक मासिक धर्म • असामान्य वजन/भुख न लगना • ऊपरी या निचले अंग में गांठ
• तिल मस्से के रंग, आकार का बदलना
रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें: 8878877978, 7400658865, 9179090912
कृपया मरीज अपनी पुरानी जाँच रिपार्ट साथ लायें।
MAHESHWARI4103
श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर। अपॉइंटमेंट: 0771-6165656

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर